दिनांक : 10.05.2024 समय : 02.10 pm

प्रादेशिक समाचार एकांष
आकाषवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

चुनाव प्रचार

प्रदेष में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये प्रचार जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री मोहन यादव आज महेष्वर, धरमपुरी, खाचरोद और उज्जैन में विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लें रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज रतलाम जिले की जावरा विधानसभा और सैलाना एवं रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याषियों के पक्ष में प्रचार कर रहे है। वहीं वे कल 11 मई को आलोट में उज्जैन–आलोट लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आमसभा एवं रोड शो करेंगे। वहीं कांग्रेस प्रदेष अध्यक्ष जीतू पटवारी आज मंदसौर, नीमच और इंदौर जिले में प्रचार कर रहे है।

....

बैतूल पुर्नमतदान

बैतूल लोकसभा सीट पर मुलताई विधानसभा के चार मतदान केंद्रों पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। सुबह सात बजे से षुरू हुआ। मतदान षाम 6 बजे तक जारी रहेगा। बैतूल संसदीय क्षेत्र के राजापुर, डूडर रैय्यत, कुंदा रैय्यत– और चिखलीमाल मतदान केन्द्रों की ईव्हीएम 7 मई मतदान के बाद बस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो जाने से यहां पुर्नमतदान करवाया जा रहा है। संबधित क्षेत्रों में आज सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।षांतिपूर्ण मतदान के लिये पूरी व्यवस्था की गई है।

....

चौथा चरण मतदाता जागरुकता–प्रदेष

प्रदेश में चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरुकता के कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आगरमालवा में कल स्वीप पार्टनर्स, सेक्टर अधिकारियों और बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप सदस्यों की कार्यशाला आयोजित हुई । कलेक्टर राघवेंद्रसिंह ने कहा कि पलायन करने वाले मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान वाले दिन अपने क्षेत्र में बुलाने हेतु हर संभव प्रयास करें और अधिक से अधिक मतदान कराने में अपना योगदान दे। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक मतदान कराने वाली तीन बीएजी टीम के सदस्यों को आगामी स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जावेगा।

....

अक्षय तृतीया

प्रदेष में आज भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर्व के रूप में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उज्जैन में जहां अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा चल समारोह निकाला जा रहा है,वहीं राज्यभर में विभिन्न समाजों द्वारा आज सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किए गए हैं। इस दौरान प्रशासन भी बाल विवाह रोकने के लिए सतर्क है और कई जिला मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। उधर ग्वालियर में बाल विवाह रोकने के लिये टोल फ्री

नम्बर 1098 जारी किया है। इस फोन नम्बर पर कोई भी व्यक्ति बाल विवाह के संबंध में सूचना दे सकेगा। बाल विवाह की सूचना सही पाए जाने पर सूचना देने वाले व्यक्ति को जहां जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं उस व्यक्ति के नाम की पूरी गोपनीयता भी रखी जायेगी। इधर राजधानी भोपाल के गुफा मंदिर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा के समीप आज सामूहिक आरती और भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसी क्रम में शिवपुरी जिले में आज बाल विवाह को रोकने के लिये जिला प्रशासन ने जिला स्तर से लेकर ग्राम और वार्ड स्तर तक विभिन्न निगरानी समितियां का गठन किया है। प्रदेष के आगरमालवा जिले के नलखेड़ा, सुसनेर और तनोड़िया सहित कई स्थानों पर ब्राह्मण समाज द्वारा हवन, पूजन, चलसमारोह और महाआरती के साथ –साथ सहभोज के आयोजन भी किये जा रहे है।

....

<u>नेशनल लोक अदालत</u>

प्रदेश में कल 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा जायेगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार होने वाली इस लोक अदालत में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर, संम्पत्तिकर, बैंक ऋण व विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएगें।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- निवाड़ी जिले में माध्यमिक षिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम संतोषजनक नहीं आने पर कलेक्टर ने शिक्षण संस्थानों में सुधार के निर्देश दिए हैं ।
- खंडवा जिले में 9 दिनों तक गणगौर उत्सव आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर राजा धारी धनिया और माता गणगौर की नौ दिनों तक पूजा अर्चना की गई।

....